Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 6:22 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 6:17 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 240 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 18 मार्च 2024


एक साथ दो भाषाओं में हुई...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### दुर्घटना में घायल हेड कांस्टेबल ने अस्पताल में दम तोड़ा

**खटीमा।** एक महीने पहले सड़क दुर्घटना में घायल खटीमा निवासी यूपी पुलिस के हेड कांस्टेबल का शनिवार को निधन हो गया। बनबसा स्थित शारदा घाट पर राजकीय सम्मान के साथ हेड कांस्टेबल का अंतिम संस्कार किया गया। विल्हरी, चकरपुर निवासी महेश सिंह राणा (43) पुत्र स्व. अमर सिंह राणा यूपी पुलिस में कार्यरत थे। उनकी तैनाती अमरोहा में थी। परिजनों ने बताया कि महेश हेड कांस्टेबल की ट्रेनिंग के लिए बरेली गए थे। इसी दौरान 16 फरवरी को सड़क दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका हरिद्वार में इलाज चल रहा था जहां शनिवार को इलाज के दौरान उनका निधन हो गया।

### महिला ने भांजे की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई

**हल्द्वानी।** एक महिला ने अपने भांजे की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाते हुए पुलिस को तहरीर सोपी है। सौंपी तहरीर में गली 2 राजेंद्र नगर राजपुरा निवासी रेखा साहू ने कहा हे की उसका 28 वर्षीय भांजा शिवम गुप्ता उर्फ राजन 15 मार्च कुंडा से हल्द्वानी में मेहमानदारी में आया था। और वह 17 मार्च को अचानक लापता हो गया यहां तक की उसका फोन भी बंद आ रहा है रेखा साहू ने अपने भांजे के खोजबीन को लेकर रिश्तेदारों व आसपास के लोगों से जानकारी जुटा लेकिन उसका कहीं भी पता नहीं चल पाया। जब शिवम का कही भी पता नहीं चल पाया तो समाजसेवी हेमंत साहू रेखा साहू के साथ भोटिया पड़ाव चौकी पहुंचे जहां उन्होंने जो की इंचार्ज देवेंद्र राणा से शिवम की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है पुलिस ने शिवम की तलाश शुरू करते हुए आसपास के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालनी शुरू की है। साहू ने बताया कि शिवम कुंडा में इंजीनियर के पद पर तैनात है।

# लालकुआं-राजकोट के लिए होली स्पेशल ट्रेन की सुविधा

**लालकुआं**
हमारे संवाददाता

होली पर लालकुआं-राजकोट विशेष रेलगाड़ी का संचालन किया जाएगा। जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि लालकुआं-राजकोट-लालकुआं (05045/05046) होली विशेष गाड़ी का संचालन 24 मार्च और 31 मार्च को लालकुआं और 25 मार्च, एक अप्रैल को राजकोट से दो फेरों के लिए किया जाएगा। पूर्वोत्तर रेलवे की ओर से होली पर लालकुआं-राजकोट विशेष रेलगाड़ी का संचालन किया जाएगा। जनसंपर्क अधिकारी



पंकज कुमार सिंह ने बताया कि लालकुआं-राजकोट-लालकुआं (05045/05046) होली विशेष गाड़ी का संचालन 24 मार्च और 31 मार्च को लालकुआं और 25 मार्च, एक अप्रैल को राजकोट से दो फेरों के लिए किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 05045 लालकुआं-राजकोट होली विशेष गाड़ी लालकुआं से 13:10 बजे प्रस्थान कर किच्छा से 13:38 बजे, बरेली जं. से 15:09 बजे, दूसरे दिन जयपुर से 00:45 बजे, वांकानेर जं. से 17:32 बजे छूटकर 18:35 बजे राजकोट पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 05046 राजकोट-लालकुआं होली विशेष गाड़ी राजकोट से 22:30 बजे प्रस्थान कर वांकानेर से 23:10 बजे, दूसरे दिन सुरेंद्रनगर 00:20 बजे, महेसाना से 02:32 बजे, तीसरे दिन सोरों शुकर क्षेत्र से 00:10 बजे और किच्छा से 03:27 बजे छूटकर लालकुआं 04:05 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में एसएलआरडी के दो, साधारण द्वितीय श्रेणी के तीन, शयनयान श्रेणी के आठ, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के पांच, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का और वातानुकूलित द्वितीय सह तृतीय श्रेणी के एक कोच सहित कुल 20 कोच लगाए जाएंगे। काठगोदाम रेलवे स्टेशन से हावड़ा रेलवे स्टेशन के बीच चलने वाली बाघ एक्सप्रेस रविवार को अपने निर्धारित समय से एक घंटा देरी से स्टेशन पहुंची।

राहुल गांधी के शक्ति वाले बयान पर पीएम मोदी का वार

# पलटवार: मैं इसके लिए जान की बाजी लगा दूंगा: प्रधानमंत्री मोदी



**हैदराबाद**
एजेंसी

तेलंगाना में एक बैठक को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने राहुल गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि यह लड़ाई शक्ति को नष्ट करने वालों और शक्ति की पूजा करने वालों के बीच है। मुकाबला चार जून को हो जाएगा।

लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा दक्षिण में अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश में लगी हुई है। तमिलनाडु और केरल में रैली को संबोधित करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेलंगाना पहुंचे। तेलंगाना के जगतियाल में सोमवार को उन्होंने एक बैठक को संबोधित किया। बैठक को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा है।

उन्होंने राहुल गांधी के शक्ति वाले बयान पर भी पलटवार करते हुए कहा कि उनके लिए हर मां और बेटी शक्ति का रूप है और वह उनकी पूजा करते हैं। इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा, कल, मुंबई में इंडी गठबंधन ने एक रैली की। चुनाव के नतीजों की घोषणा होने के बाद यह उनकी पहली और सबसे महत्वपूर्ण रैली थी। राहुल गांधी के शक्ति वाले बयान पर उन्होंने कहा, मेरे लिए हर मां, बेटी, बहन शक्ति का रूप है। मैं शक्ति के रूप में उनकी पूजा करता हूं। मैं भारत माता का पुजारी हूं। उनके घोषणापत्र में शक्ति को खत्म करने की बात कही गई, लेकिन मैं इस चुनौती को स्वीकार करता हूं। मैं जान की बाजी लगा दूंगा।

# उत्तराखंड में अब रात में भी बढ़ने लगा पारा

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड में आने वाले दिनों में प्रदेश भर में तापमान बढ़ने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने कहा, आज पहाड़ी इलाकों में हल्की बारिश होने की संभावना है।

प्रदेशभर में गर्मी अब तेवर दिखाने लगी है। दिन में चटक धूप खिलने से रात का भी पारा बढ़ने लगा है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि मार्च के अंत तक अधिकतम और न्यूनतम तापमान में सामान्य से अधिक बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। अप्रैल शुरू होते-होते गर्मी सताने लगेगी। रविवार को दून का अधिकतम तापमान एक डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी के साथ 28.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। जबकि, मुक्तेश्वर का अधिकतम तापमान दो डिग्री इजाफे के साथ 20.9 डिग्री रहा। पंतनगर का तापमान सामान्य से एक और नई टिहरी का तीन डिग्री कम रहा। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने कहा कि मैदान से लेकर पहाड़ तक तेज धूप खिलने से गर्मी का अहसास होगा।

सोमवार को दून के तापमान की बात करें तो दून का अधिकतम तापमान 30 और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री रहने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों ने आने वाले 10 साल में जलवायु परिवर्तन के कारण मार्च के अधिकतम तापमान में 0.5 डिग्री की बढ़ोतरी होने का अंदाजा लगाया गया है।



### पहाड़ों में आज हल्की बारिश की संभावना

प्रदेश के पर्वतीय इलाकों में आज (सोमवार को) हल्की बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ जिले में कहीं-कहीं हल्की बारिश होने के आसार हैं। हालांकि, अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहेगा।

# सीएम योगी से मिले कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर

**लखनऊ**
एजेंसी

सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर लोकसभा चुनाव सहित कई मुद्दों पर चर्चा की।

यूपी के कैबिनेट मंत्री व सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर लोकसभा चुनाव सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। इसकी जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के यशस्वी माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके लखनऊ स्थित आवास पर भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी से लोकसभा चुनाव की तैयारी पर विस्तार से चर्चा की एवं पंचायती राज विभाग /अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के कार्यों की चर्चा कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया।



# एसएसपी आवास के सामने सिपाही ने की शिक्षक की हत्या

**मुजफ्फरनगर**
एजेंसी

चंदौली से उत्तर पुस्तिकाएं लेकर आए शिक्षक की सिपाही ने मुजफ्फरनगर में गोली मारकर हत्या कर दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। वहीं जिले के शिक्षक विरोध में उतर आए हैं।

मुजफ्फरनगर जनपद में चंदौली से उत्तर पुस्तिकाएं लेकर आए शिक्षक और सिपाही के बीच विवाद के बाद शिक्षक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। नशे की हालत में सिपाही ने शिक्षक की गोली मारकर हत्या की है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

सिपाही भी उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षा के लिए वाराणसी से शिक्षक के साथ ही आया था।



जानकारी के अनुसार वाराणसी से मूल्यांकन के लिए शिक्षक धर्मेंद्र कुमार 14 मार्च को उत्तर पुस्तिकाएं लेकर जिले के लिए चला था। रविवार रात दो बजे वह एसडी इंटर कॉलेज के सामने कॉपियां लेकर खड़े थे। इस दौरान सिपाही से कहासुनी हो गई।

नशे की हालत में सिपाही ने कारबाइन से गोलियां चला दी। शिक्षक की गोली लगने से मौत हो गई। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि शिक्षक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक चंदौली जिले के बैरठ का रहने वाला था। वह राजकीय हाईस्कूल, महगांव, वाराणसी में शिक्षक था। सिपाही भी वाराणसी की पुलिस लाइन में ही तैनात है।

### हत्या के विरोध में जिले के शिक्षकों ने शुरू किया प्रदर्शन

शिक्ष की निर्मम हत्या को लेकर जिले में शिक्षकों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। यहां जिले भर के विभिन्न स्कूलों के शिक्षक चौधरी छोटूराम इंटर कॉलेज के सामने एकत्र हुए और हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस मौके पर पहुंचकर शिक्षकों से वार्ता कर रही है।

# तृतीय होली महोत्सव: फूलों की होली का आयोजन

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

सारथी फाउंडेशन समिति द्वारा आयोजित तृतीय होली महोत्सव प्रतियोगिता एवं फूलों की होली का आयोजन किया गया जिसमें अनेकों टीमों ने होली गायन वादन एवं स्वांग के माध्यम से संदेशात्मक होली का प्रदर्शन कर लोगों का मन मुग्ध किया। साथ ही प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही टीमों को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।और अंत में सभी ने फूलों की होली का भरपूर आनंद भी लिया।

होली प्रतियोगिता महोत्सव का आयोजन मां जगदंबा बैंक्विट हॉल मुखानी रोड में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं गणेश वंदना से हुआ। दीप प्रज्वलन में जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया,रेनू अधिकारी,हरीश पाठक,नवीन पंत,सुमित्रा प्रसाद,ज्ञानेंद्र जोशी द्वारा किया गया। तत्पश्चात गणेश वंदना की प्रस्तुति चेतना सनवाल द्वारा की गई फिर होली प्रतियोगिता शुरू हुई और एक एक कर टीमों द्वारा



अपना प्रदर्शन किया गया। सर्वप्रथम टीम द्वारा शिव शक्ति उऊंचापुल,नैनी महिला जागृति संस्थान नैनीताल,गौरा माहेश्वरी सी एम टी,होली राधिका रूप,शिव संगठन पीलिकोठी,महिला होली दल,मधुबन होली,जय इस्ट कृपा होली आदि 11 टीमों ने प्रतिभाग किया।

संस्था के संस्थापक संयोजक नवीन पन्त ने सभी का आभार व्यक्त कर सफल कार्यक्रम की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अंत में फूलों की होली हुई जिसमें सभी लोगों ने जमकर होली मनाई सभी कृष्ण एवं राधा के रास रंग में भाव विभोर होकर नृत्य में डूबे रहे।

प्रतियोगिता में टीमों द्वारा सर्वप्रथम पलायन समस्या के प्रति सभी को आगाह किया ,माता पिता की सेवा करने और वृद्ध आश्रम में ना भेजने हेतु अनुरोध किया ,मात्र भाषा के बढ़ावे के प्रति जागरुकता,नशे के प्रति जागरुकता,मोबाइल से होने वाले फायदे एवं नुकसान,स्वस्थ के प्रति जागरुकता,पानी बचाने में लिए भी लोगों को जागरुक किया गया।

कार्यक्रम का संचालन दीक्षा पंत पांडे एवं राजेश पंत द्वारा किए गया। होली महोत्सव प्रतियोगिता में जज महोदय डिम्पल जोशी एवं ब्रजमोहन जोशी द्वारा प्रथम स्थान पर संस्कृति समागम कुसुमखेड़ा दितीय स्थान पर वंदना पंत बीना जोशी की टीम हीरानगर महिला होली दल एवं तृतीय स्थान गौरा माहेश्वरी टीम ने प्राप्त किया। तेजस्वनी भट्ट द्वारा शास्त्रीय नृत्य,भोमिका जोशी द्वारा कथक नृत्य,एवं कोर इंटरनेशनल के बच्चों द्वारा भोलेनाथ की जीवन पर नृत्य नाटिका एवं राधा कृष्ण की होली नृत्य नाटिका को प्रस्तुत किया गया।

बेला तोलिया, रेनू अधिकारी,सुरेश भट्ट, अनिल कपूर, पुष्पा भट्ट, हरीश पाठक, मंजू सनवाल, शीला भट्ट,हेमा जोशी, मीना शाही, बबीता टकवाल, रामा जोशी,गीता बेलवाल, वर्षा टंडन, महेंद्र सिंह अधिकारी,प्रकाश हर्बोला, सरोज आनंद जोशी, शोभा बिष्ट, कार्तिक हरबोला, पांडे,हुकुम सिंह कुंवर, विनोद दानी, मुकुल बलूटिया, डी के पंत, मनीष पॉल,पंकज गुंबर, नेत्र बल्लभ जोशी, पिंकी डिमरी, हरीश पांडे, हिमांशु मिश्रा,अरुण सिंह,नवीन शर्मा,प्रतिभा जोशी आदि लोग मौजूद रहे।

## भवाली में कलाकारों ने कुमाऊंनी होली की प्रस्तुति दी



**नैनीताल।** जीवन वर्षा कला संगम समिति द्वारा भवाली में आयोजित किए गए होली महोत्सव विभिन्न ग्राम सभा के कलाकारों द्वारा कुमाऊंनी होली की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान पूर्ति निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह बिष्ट को भी इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था। उन्होंने इस मौके पर शास्त्रीय होली से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इसके साथ ही उन्होंने इस मौके पर देश के अमर शहीदों को नमन करते हुए एक कुमाऊंनी देश भक्ति गीत की प्रस्तुति भी दी। इस मौके पर विधायक सरिता आर्या सहित कई गणमान्य के अलावा आईटीबीपी के कई जवानों द्वारा भी इस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया गया। कार्यक्रम में बिष्ट समेत कई लोगों को सम्मानित किया गया।

# रंगकर्मी जहूर आलम को संगीत नाटक अकादमी विभूषित होने पर दिया सम्मान

नैनीताल
हमारे संवाददाता

नैनीताल के वरिष्ठ रंगकर्मी व युगमंच संस्था के संस्थापक सदस्यों में एक जहूर आलम को रविवार को नैनीताल में आयोजित एक समारोह में रंगकर्मियों, विभिन्न संस्थाओं से जुड़े प्रतिनिधियों व उनके शुभचिंतकों ने उनका नागरिक अभिनंदन किया। मौका था रंगकर्मी जहूर आलम को देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से 6 मार्च (बुधवार) को प्रदत्त किए गए नाट्य निर्देशन हेतु इस वर्ष के संगीत नाटक अकादमी सम्मान से विभूषित करने का। इस विशेष उपलक्ष्य में शारदा संघ, नैनीताल समाचार, उत्तरा, पहाड़ प्रयोगांक नैनीताल, निर्मल पांडे स्मृति न्यास, क्रिएटिव उत्तराखण्ड और नगर के रंग व संस्कृति कर्मियों की ओर से एक कार्यक्रम शारदा संघ नैनीताल में सामूहिक नागरिक अभिनंदन करते हुए शॉल ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह तथा जैकेट आदि उपहारों से सम्मानित किया गया। इस विशेष मौके पर वरिष्ठ रंगकर्मी व गुरुजन के. पी. पाह,वरिष्ठ पत्रकार राजीव लोचन साह, पद्मश्री अनूप साह,रंगकर्मी मिथिलेश पांडे समेत डॉ.




विजय कृष्ण, चंद्र लाल साह, घनश्याम लाल साह, प्रो. गिरीश रंजन तिवारी, प्रदीप पांडे, दिनेश डांडरियाल, मंटू जोशी, त्रिभुवन फ र्तियाल, मंजूर हुसैन, राजीव कटियार, दीप सकलानी, राजेश साह, कौशल साह, युगमंच कार्यकारिणी के डी. के. शर्मा, नवीन बेगाना, डा. हिमांशु पांडे सहित मातृ शक्ति के रूप में हेमलता तिवारी, मुन्नी बानो,डा. शीला रजवार,डा. बसंती पाठक, माया चिलवाल, बेला नेगी, विनिता यशस्वी, अदिति खुराना, दीपा पांडे एवं विनोद पांडे, राजेश साह,डा. मोहित सनवाल, मन मोहन चिलवाल, हसन रजा, पवन राकेश, पंकज रावत, नीरज डालाकोटी, बृजेश जोशी, उषा टम्टा, संदीप सिंह, हरीश त्रिपाठी, आबिद अली, रोहन कुमार, प्रियांशु बिष्ट, काव्यांश कुमार, राहुल पडियार, पंकज भट्ट तथा रफ त आलम आदि सहित शहर के विभिन्न संगठन के रंग कर्मी एवं संस्कृति प्रेमी लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने अपने संस्मरण रखे तथा लोगों द्वारा पूरे देश भर से भेजे गए शुभकामना संदेशों को भी स्क्रीन पर दिखाते हुए सम्मान दिया गया साथ ही विभिन्न जनगीतों की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को काफी प्रभावी बनाया। कार्यक्रम का सफल संचालन उत्तराखंड राज्य गीत के लेखक व वरिष्ठ कवि व उद्घोषक हेमंत बिष्ट ने किया।

## होली: सांस्कृतिक जुलूस में ये टीमें रही शामिल

**अल्मोड़ा।** जाखनदेवी समिति, जोहार सांस्कृतिक टीम खत्याड़ी, धूनी मंदिर राजपुरा, मां दुर्गा शक्ति टीम न्यू इंदिरा कालोनी, महिला शक्ति खत्याड़ी, कोकिला सांस्कृतिक दल माल, सांस्कृतिक दल मल्ली माल, सर्वोदय टीम खोल्टा, आंचल दल न्यू कालोनी सरसौं, मां जगदंबा टीम धारानौला, स्यूनराकोट, भवाली, ताकुला, बागेश्वर, हल्द्वानी, नैनीताल की टीमें सांस्कृतिक जुलुस में शामिल रहीं।

## नृसिंहबाड़ी स्थित वर्मा सभागार में रही होलिकोत्सव की धूम

**अल्मोड़ा।** नृसिंह कल्याण समिति की ओर से रविवार को नृसिंहबाड़ी स्थित वर्मा सभागार में आयोजित महिला होलिकोत्सव में महिलाओं ने होली गीत गाए। महिलाओं ने स्वांग प्रस्तुत कर बुराइयों से दूर रहने का संदेश दिया। किन्नरों ने होली गीतों पर नृत्य पेश किए। यहां सुशीला वर्मा, रेनू छिम्वाल, शोभा नगरकोटी, हेमा जोशी, कलावती वर्मा, हेमा कांडपाल, सरस्वती आर्या, माया वर्मा, रीना वर्मा, नेहा नेगी, मंजू वर्मा, भगवती वर्मा, बसंती वर्मा, गीता शर्मा, भगवती पपनै आदि मौजूद रहे।

## NEWS / फटाफट

### सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित अटल उत्कृष्ट राजकीय बालिका इंटर कालेज से सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के दूसरे दिन यानी रविवार के कार्यक्रमों की शुरुआत स्वयंसेवियों के द्वारा लक्ष्य गीत तथा सरस्वती वंदना और राष्ट्रगान से की। उसके बाद स्वयंसेवियों ने विद्यालय परिसर में वृहद सफ ई अभियान चलाया। दोपहर भोजन के उपरांत बौद्धिक सत्र के अंतर्गत गीता मेहरा के द्वारा सतत व निरंतर विकास के ऊपर विचार रखे गए वहीं शाम को छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं तथा जुम्बा नृत्य में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विद्यालय की एनएसएस प्रभारी दया पंत समेत सह प्रभारी प्रेमा फ र्त्याल व गीता बनोला और दीपा आर्या मौजूद रही।

### यातायात व्यवस्था को चाक चौबंद रखना प्राथमिकता: कोतवाल



**नैनीताल ।** नैनीताल में कोतवाली के नए कोतवाल हरपाल सिंह ने बढ़ते नशे के प्रचलन पर लगाम लगाने और शहर की यातायात व्यवस्था को चाक चौबंद रखना प्राथमिकता बताया है। बता दें कि कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कोतवाली कर्मियों भी कानून व्यवस्था वनाने के लिए जरुरी निर्देश भी दिये। बता दें कि दो दिन पूर्व एसएसपी की ओर से भवाली से कोतवाल हरपाल सिंह को स्थानान्ततरित कर भवाली से मल्लीताल कोतवाल के पद पर नियुक्त किया है। कार्यभार संभालते ही पत्रकारों से वार्ता की। अराजक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही पर्यटन सीजन में यातायात व्यवस्था बनाते हुए पर्यटकों को सुविधा दी जाएगी। इस दौरान एसएसआई पीएस मेहरा, शाहिद अली और दीपक बवाडी मौजूद थे।

### परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय की ओर से मोहन लाल साह बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में रविवार को परीक्षा का आयोजन कराया गया, परीक्षा सफलतापूर्वक शांतिपूर्ण आयोजित की गयी। कालेज प्रबंधन के मुताबिक परीक्षा में कुल 186 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 98 अनुपस्थित रहे। एनटीए प्रतिनिधि संजीता भारद्वाज, शहर समन्वयक अनुपमा साह, पर्यवेक्षक लता पाठक और केंद्र अधीक्षक नीता व्यास ने परीक्षा का संचालन में पूर्ण सहयोग दिया।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# आज हमर घर होली आई रै...

अल्मोड़ा
हमारे संवाददाता

महिला कल्याण संस्था की ओर से आयोजित होली महोत्सव के दूसरे दिन महिला होल्यारों ने पल्टन बाजार स्थित सिद्ध नौला मंदिर से नंदादेवी मंदिर तक सांस्कृतिक जुलूस निकाला। इस दौरान महिलाओं ने विभिन्न होली गीतों की प्रस्तुति दी। रविवार को सांस्कृतिक नगरी में दिनभर हां-हां छैला ना खेलो होली.., डारो ना रंग कन्हाई मैं तो लुक-छुप जमुना को जाई..., तुम सिद्धि करो महाराज होली के दिनन में.. आज हमर घर होली आई रै...गीतों की धूम रही।




गंगोला मोहल्ला, लाला बाजार, मल्ला महल होते हुए नंदादेवी मंदिर तक सांस्कृतिक जुलूस निकला। इस दौरान होल्यारों ने जमकर अबीर-गुलाल उड़ाया औस स्वांग रचे। जुलूस देखने के लिए जगह-जगह लोगों की भीड़ जुटी रही। मकान की छतों पर चढ़े लोग इस जुलूस के साक्षी बने। महिला होल्यारों ने जुलूस में वृंदावन की लठमार होली की झलक दिखाई। जुलूस के नंदा देवी मंदिर पहुंचने के पर महिला होल्यारों ने मंदिर की परिक्रमा की और इसके बाद होलिकोत्सव शुरू हुआ। महिला होल्यार होली गीतों पर जमकर थिरके। देर शाम तक होली गायन चलता रहा। वहां पर संस्था की अध्यक्ष रीता दुर्गापाल, उपाध्यक्ष मीता उपाध्याय, सचिव पुष्पा सती, सुशीला बिष्ट, पूर्व पालिकाध्यक्ष शोभा जोशी, दीप लाल साह, मनोज सनवाल, प्रकाश रावत आदि मौजूद रहे।

# रोड की मांग पूरी न होने पर ग्रामीणों ने लिया चुनावों का पूर्ण बहिष्कार करने का फैसला

नैनीताल
हमारे संवाददाता

जिले के दूरस्थ ओखलकांडा ब्लाक के ग्राम कौडार/ पश्या से अनुसूचित बाहुल्य क्षेत्र कांडा होते हुए कैडाईजर तक पांच किलोमीटर रोड की दशकों पुरानी मांग पूरी न होने को लेकर ग्रामीणों में काफी निराशा है।

गुस्साएं ग्रामीणों ने अब एकजुट होकर भविष्य में सभी प्रकार के चुनावों का पूर्ण बहिष्कार करने का फैसला किया है। इसी को लेकर उन्होंने प्रदर्शन भी किया।

बता दें कि ग्रामीणों का कहना है कि हम सभी लोग कई बार इस बाबत शासन व प्रशासन से पहले भी निवेदन कर चुके हैं इस सडक़ से छोटे छोटे किसानों को लाभ होगा व साथ ही बड़े वंचित क्षेत्रों से भी सम्पर्क बन पाएगा। मामले को लेकर ग्रामीण एकत्र होकर कौडार पहुँचे और सभा का आयोजन किया जिसमें दर्जनों क्षेत्रवासियों ने प्रतिभाग किया और कहा कि पूर्व में 7 वर्ष पूर्व 2 बार सर्वे होने के उपरांत भी आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई है जिससे सभी क्षेत्रवासी स्वयं को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं।

सभी ने एक स्वर में नारेबाजी करते हुए सर्वसम्मति से सभी चुनावों के बहिष्कार करने की बात कही। इस दौरान राम सिंह,मोहन कुराई, भुवन दत्त, अम्बा दत्त त्रिपाठी, नरेश,दिवान सिंह, बाल किशन, महेश कुराई, बद्री दत्त, प्रयाग दत्त, महेश, चम्पा देवी तथा सुनीता समेत सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# अभिमत



## विभाग जिम्मेदार

***गौलापार के बागजाला क्षेत्र में वन विभाग की भूमि पर अतिक्रमण का मामला भी चर्चित हुआ है। सर्वे में दो सौ से ज्यादा अतिक्रमण चिह्नित किये गये हैं, अभी यह संख्या और बढ़ सकती है। सबसे गंभीर बात यह है कि वन विभाग के कई कर्मचारियों ने भूमि पर कब्जा किया है। कुछ कर्मचारियों ने मकान बनाकर किराये पर उठा दिये हैं। जिलाधिकारी के आदेश पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने करीब आधा दर्जन भवनों को ध्वस्त कर दिया। अतिक्रमण रोकने और हटाने के लिए वन विभाग आगे नहीं आ रहा है।***

शासन और प्रशासन के सुव्यवस्थित संचालन की जिम्मेदारी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों की होती है। अधिकतर गैरकानूनी कार्य सरकारी विभागों की लापरवाही अथवा सांठगांठ से किये जाते हैं। भूमि पर अतिक्रमण के अधिकतर मामलों में अधिकारी व कर्मचारी परोक्ष रूप से शामिल होते हैं। न्यायपालिका ने भी कुछ साल पहले एक मामले में फैसला सुनाते हुए कहा था कि अतिक्रमण निरंतर जारी रहने वाली प्रक्रिया है, उसी तरह प्रशासन को अतिक्रमित भूमि खाली कराने के लिए लगातार सक्रिय रहना होगा। उत्तराखंड के हल्द्वानी महानगर में बनभूलपुरा क्षेत्र में अतिक्रमण ध्वस्त करने को लेकर हिंसा का मामला पूरे देश में चर्चित हो रहा है। उपद्रवियों ने दो सौ के करीब पुलिस और अतिक्रमण ध्वस्त करने वाले कर्मचारियों को पथराव कर घायल कर दिया। देखते ही गोली मारने के आदेश होने पर आधा दर्जन लोग मारे गये। सरकारी जमीन को जब पचास और सौ रुपये के स्टाम्प पर बेचा जा रहा था, तब अधिकारी व कर्मचारी सोते रहे। मकान व दुकानें बन जाने के वर्षों बाद अतिक्रमण हटाने से हिंसा भड़की। हिंसा करने वालों को सजा मिलनी चाहिए। जिस सरकारी विभाग की जमीन पर अतिक्रमण हुआ है, उस विभाग के तत्कालीन अधिकारियों को भी चिह्नित करके दंडित किया जाना चाहिए। इसी दौरान गौलापार के बागजाला क्षेत्र में वन विभाग की भूमि पर अतिक्रमण का मामला भी सामने आया है। सर्वे में दो सौ से ज्यादा अतिक्रमण चिह्नित किये गये हैं, अभी यह संख्या और बढ़ सकती है। सबसे गंभीर बात यह है कि वन विभाग के कई कर्मचारियों ने भूमि पर कब्जा किया है। कुछ कर्मचारियों ने मकान बनाकर किराये पर उठा दिये हैं। जिलाधिकारी के आदेश पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने करीब आधा दर्जन भवनों को ध्वस्त कर दिया। अतिक्रमण रोकने और हटाने में वन विभाग आगे नहीं आ रहा है। हल्द्वानी के व्यस्त क्षेत्र एचएन इंटर कालेज के किनारे वन विभाग की भूमि पर बनी तीन दर्जन से अधिक दुकानों को हाईकोर्ट के आदेश के बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने ध्वस्त कराया, जबकि उन्हीं दुकानों के सामने वन विभाग का कार्यालय है। वन विभाग के अधिकारियों ने दुकानें बनने से नहीं रोका। वर्षों तक इन दुकानों में कारोबार होता रहा। यदि हाईकोर्ट का आदेश नहीं होता तो उस क्षेत्र में वन विभाग की शेष भूमि पर भी कब्जा हो जाता और विभाग के कर्मचारी आंखें मूंदे रहते। बागजाला और एचएन कालेज के निकट वन भूमि से अतिक्रमण हटाया जाना ही पर्याप्त नहीं है, अतिक्रमण के लिए दोषी वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को भी दंडित किया जाये, जिससे भविष्य में कर्मचारी विभाग की जमीन को अपनी निजी संपत्ति न समझें।

# चुनाव में प्लास्टिक की प्रचार सामग्री प्रतिबंधित: डीएम

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम उदयराज सिंह ने कहा है कि चुनाव को स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के साथ ही उसमें सभी वर्गों की भागीदारी होनी है। जिले में 21 जोन, 119 सेक्टर बनाने के साथ ही 732 बूथों पर लाइव वेबकास्टिंग की व्यवस्था की जाएगी। 10 हजार कार्मिक चुनाव को सम्पन्न कराएंगे। कहा कि चुनाव में प्लास्टिक की प्रचार सामग्री पर पाबंदी है।

रविवार को कलक्ट्रेट में पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि सुगम एप से चुनाव संबंधी अनुमतियां दी जाएंगी। सी विजिल एप में दर्ज होने वालीं शिकायतों का 100 घंटे में निस्तारण किया जाएगा। कहा कि कंट्रोल रूम और 1950 नंबर में शिकायतें दर्ज कराई जा सकेंगी।



कहा कि 85 साल के अधिक आयु वर्ग वालों के लिए पोस्टल बैलेट की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही गर्भवती और धात्री महिलाओं के लिए वाहनों की व्यवस्था की जाएगी। हर विधानसभा में एक-एक मॉडल बूथ के अलावा पिंक बूथ भी बनाए जा रहे हैं। कहा कि मतदान केंद्रों पर नेत्रहीनों के लिए ब्रेल बैलेट पेपर की व्यवस्था है।

एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने कहा कि निकाय, ऊर्जा, लोनिवि, एनएच और स्वास्थ्य की टीमें संयुक्त रूप से सार्वजनिक जगहों से प्रचार सामग्री हटा रही हैं। हर विधानसभा में तीन स्थैतिक निगरानी दल की तैनाती की गई है। 50 हजार से अधिक का नकदी, जेवरात, कंबल सहित अन्य सामान मिलने पर मौके पर हिसाब नहीं देने पर जब्त किया जाएगा। कहा कि जिले को तीन पैरामिलिट्री कंपनियां मिल चुकी है और 29 कंपनियों के साथ ही दूसरे प्रदेशों की होमगार्ड कंपनियां व पुलिस भी मिलेगी। रैलियों, सभाओं और रोड शो में हेड स्पीच पर नजर रहेगी। वहां पर एडीएम अशोक कुमार जोशी, पंकज उपाध्याय, एसपी सिटी मनोज कत्याल, आईपीएस चंद्रशेखर आर घोड़के, निहारिका तोमर मौजूद रही।

## लमगड़ा में कार से बरामद हुई 17 पेटी अवैध शराब

**अल्मोड़ा।** पुलिस ने लमगड़ा में एक कार से शराब की अवैध रूप से ले जाई जा रहीं 17 पेटियां बरामद कीं। पुलिस ने आरोपी तस्कर को गिरफ्तार कर कार सीज की है। लमगड़ा में पुलिस ने लोकसभा चुनाव को देखते हुए थानाध्यक्ष दिनेश नाथ महंत के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया।

टीम ने पुभांऊ गांव के पास भनौली से आ रही एक हरियाणा नंबर की कार को रोका और तलाशी ली। कार से अवैध शराब बरामद की। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी कार चालक पुभांऊ निवासी मनोज कुमार को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

पुलिस का कहना है कहा कि आरोपी लोकसभा चुनाव के दौरान शराब को ऊंचे दामों में बेचकर मोटा मुनाफा कमाने की फिराक में था। शराब कहां से लाई जा रही थी, इसकी भी जांच की जा रही है।

# कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर में विद्यार्थी संगोष्ठी का आयोजन किया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. ज्योति जोशी एवं कला संकायाध्यक्ष प्रो. पदम सिंह बिष्ट के संरक्षण में विद्यार्थी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का शीर्षक लैंगिक समानता विकास की पहली शर्त था।

संगोष्ठी में समकालीन भारतीय समाज में लैंगिक आधार पर असमानता के विभिन्न पक्षों और पहलुओं जैसे सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक व पर्यावरणीय तथा अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई तथा लैंगिक आधार पर सरकारी नीतियों एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। एवं महिलाओं के लिए आरक्षण संबंधी प्रावधानों पर भी विचार विमर्श किया गया। विद्यार्थी संगोष्ठी में शोध छात्र हर्षवर्धन पंत ने बटरफ्लाई इफेक्ट के माध्यम से लैंगिक समानता तथा उत्तराखंड राज्य में पर्यावरण संरक्षण में महिलाओं की भूमिकाए गौरा देवी के



योगदान पर प्रकाश डाला। इसके बाद कोमल ने सस्टेनेबल डेवलपमेंट के पांचवे गोल्स जो कि लैंगिक समानता जैसे जेंडर बजटिंग तथा सबरी माला केशए ट्रिपल तलाक आदि मुद्दों पर अपने विचार रखे। शोध छात्रा रिया पांडे ने महिला सशक्तिकरण एवं विकास के प्राचीन या वैदिक कालीन कर्तव्य आधारित तथा आधुनिक अधिकार आधारित फेमिनिज्म पर प्रकाश डाला। शोध छात्रा नेहा बिष्ट ने शिक्षा पर इन्वेस्ट तथा इन्वेस्टिंग ऑन वूमेन पर विचार प्रस्तुत किया तथा चार केस स्टडी के माध्यम से कल्पना चावलाए किरण मजूमदार शाहए मिस इंदिरा गांधीए गौरा देवी के योगदान पर विचार रखें। डॉ. हरिश्चन्द्र मिश्र ने एनईपी 2020 में महिलाओं हेतु उच्च शिक्षा में कैपिबिलिट डिवेलपमेंट अप्रोच तथा लैंगिक समानता और विकास में विशेष शिक्षा जोन पर अपने विचार प्रस्तुत किये। अंत में संगोष्ठी को महिला शिक्षा से राष्ट्र शिक्षा का मूलमंत्र पर संगोष्ठी संपन्न हुई। संगोष्ठी की संयोजक डॉ. प्रियंका नीरज रूवाली ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया जबकि संचालन डॉ. सरोज पालीवाल द्वारा किया गया। संगोष्ठी में प्रो. अर्चना श्रीवास्तव समेत डॉ. अर्शी परवीन, डॉ. हरिश्चन्द्र मिश्र तथा समाजशास्त्र विभाग के स्नातकए परास्नातक तथा शोध छात्र भी मौजूद रहे तथा अपने विचार प्रस्तुत किये।

# फिल्मी दुनिया

## एक साथ दो भाषाओं में हुई इन फिल्मों की शूटिंग



*भारत में सिनेप्रेमियों की तादाद काफी ज्यादा है। देश में साउथ से लेकर नॉर्थ तक में बने सिनेमा को बड़े ही प्यार से दर्शकों द्वारा देखा जाता है। दूसरी भाषाओं की फिल्मों का डब वर्जन ज्यादातर लोगों को देखने को मिलता है। हालांकि, अब तक कई ऐसी फिल्मों का भी निर्माण किया जा चुका है, जो एक ही समय पर अलग-अलग भाषाओं में शूट की गई हैं। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म मेरी क्रिसमस को दो अलग-अलग भाषाओं में शूट किया गया था। निर्देशन श्रीराम राघव ने इस फिल्म को तमिल और हिंदी में अलग-अलग फिल्माया था। इस फिल्म में कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति मुख्य भूमिकाओं में थे। इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जा सकता है। फिल्म बाहुबली भारत की सबसे लोकप्रिय फिल्मों में से एक है। इस फिल्म से प्रभास पैन इंडिया स्टार बनकर उभरे थे। एसएस राजामौली के निर्देशन में बनी यह फिल्म तेलुगु और तमिल भाषा में शूट की गई थी। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने जमकर कमाई भी की थी। इस लिस्ट में रावण का नाम भी शामिल है। मणिरत्नम के निर्देशन में बनी इस फिल्म में अभिषेक बच्चन, विक्रम और ऐश्वर्या राय नजर आए थे।*

### रावण और युवा भी

*फिल्म में गोविंदा भी अहम किरदार में थे। इस फिल्म को हिंदी और तमिल में शूट किया गया था। फिल्म का तमिल नाम रावणन रखा गया था। मणिरत्नम की युवा को एक साथ दो भाषाओं में बनाया जा चुका है। इसके हिंदी वर्जन में अजय देवगन, अभिषेक बच्चन, विवेक ओबेरॉय और रानी मुखर्जी जैसे सितारे नजर आए थे। वहीं इसके तमिल संस्करण में सूर्या, माधवन और सिद्धार्थ नजर आए थे। इस फिल्म को नेटफ्लिक्स पर देखा जा सकता है।*

# पांडे के सदस्य नामित होने पर जताई खुशी

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

वरिष्ठ नेता हरीश चन्द्र पांडे को उत्तराखंड न्यूनतम मजदूरी सलाहकार बोर्ड का सदस्य नामित किए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई है। हरीश पांडे जनसंघ के समय से समर्पित कार्यकर्ता रहे हैं, 1990 में पांडे हल्द्वानी नगर अध्यक्ष रहे।

इस बीच व ?ह नगरपालिका के सभासद भी निर्वाचित हुए। वह रामजन्म भूमि आन्दोलन में जेल भी गए। पांडे ने सदस्य नामित होने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट व जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट का आभार जताया है।

इस मौके पर पांडे का स्वागत करने वालों में भाजपा मंडल अध्यक्ष किशोर जोशी, महामंत्री विक्रम अधिकारी, निवर्तमान मेयर जोगेंद्र रौतेला, प्रतिभा जोशी, चम्पा रौतेला, कामयानी मिश्रा, निर्मल चमियाल, बिनोद तिवारी, उदित चौधरी, मनोज रावत, युवा मोर्चा अध्यक्ष अरूण कुमार, आनन्द आर्य, संतोष गौड़ आदि शामिल थे।



## News कॉर्नर

### शांतिपुरी ने जीता ऑल इंडिया वॉलीबाल टूर्नामेंट

**शांतिपुरी।** स्वतंत्रता सेनानी ग्राम जवाहरनगर में ऑल इंडिया वॉलीबाल टूर्नामेंट का फाइनल मैच आदर्श क्लब शांतिपुरी ने जीत लिया। विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मैन ऑफ द मैच हिमांशु त्यागी और मैन ऑफ द सीरीज बिशु चुने गए। रविवार को स्व. श्याम लाल वर्मा खेल मैदान के शिव मंदिर परिसर में टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल स्पोर्ट्स क्लब देहरादून और शांतिपुरी टीम के बीच हुआ। इसमें शांतिपुरी ने मैच जीतकर फाइनल में जगह बनाई। दूसरे सेमीफाइनल में झबरन क्लब हरिद्वार ने यूपीसीएल को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच में आदर्श क्लब शांतिपुरी ने झबरन क्लब हरिद्वार को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। शांतिपुरी टीम ने पहला सेट 25-14, झबरन क्लब ने 25-19, शांतिपुरी टीम ने तीसरा और चौथा सेट 25-11 व 25-20 से जीता।

### बाहर से आ रही खाद्य सामग्री के 15 नमूने जांच के लिए भेजे

**अल्मोड़ा।** खाद्य सुरक्षा विभाग ने होली पर्व को देखते हुए लोधिया में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान वाहनों में बाहर से आ रही खाद्य सामग्री की गुणवत्ता को परखा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी नंद किशोर ने बताया कि बाहर से जिले में दूध, दही, पनीर, मिठाई, नमकीन सहित कई खाद्य सामग्री लाई जा रही थीं। इनकी गुणवत्ता को परखने के लिए 15 सैंपल भरे गए। इन्हें जांच के लिए रुद्रपुर प्रयोगशाला भेजा गया है। कहा कि खाद्य सामग्री में मिलावट नहीं की जाएगी। मानकों पर खरा नहीं उतरने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कहा कि चेकिंग अभियान जारी रहेगा।


# रमज़ान के 27वें दिन की शाम को मनाते हैं लयात अल-क़द्र

उत्तरांचल दीप

**सलीम खान हल्द्वानी**

मुस्लिम कैलेंडर का नौवां महीना रमज़ान मुसलमानों के लिए सबसे अफजल समय में से एक है। यह वह महीना है जिसमें यह माना जाता है कि पवित्र कुरान स्वर्ग से पुरुषों और महिलाओं के लिए एक मार्गदर्शन, दिशा की घोषणा और मोक्ष के साधन के रूप में नीचे भेजा गया था।

इस महीने के दौरान, मुसलमान सुबह से सूर्यास्त तक रोजा रखते हैं। उन्हें दिन के उजाले के दौरान खाने या पीने (यहां तक कि पानी) की भी पीने की अनुमति नहीं है। रोजा (उपवास) अल्लाह से नजदीक लाने वाली इबादत है, साथ ही यह आध्यात्मिक अनुशासन का एक रूप है और कम भाग्यशाली लोगों के साथ सहानुभूति रखने का एक साधन है। शाम को इफ्तार के बाद रोजा खोला जाता है जिसे इफ्तार कहा जाता है। इफ्तार के बाद परिवार और दोस्तों से मिलने का रिवाज है।





रमज़ान के दौरान, कई मुस्लिम समुदाय के लोग मस्जिद जाते हैं और तरावी नमाज अदा करते है । जो पांच वक्त की नमाज के अलावा, इस्लाम का मूल का हिस्सा हैं, रमज़ान के 27वें दिन की शाम को, मुस्लिम समुदाय के लोग लयात अल-क़द्र नामक एक विशेष रात मनाते हैं, जिसे सबसे अफजल रात कहा जाता है। ऐसा माना जाता है कि मुहम्मद को पहली बार पवित्र कुरान इसी रात प्राप्त हुई थी। रमज़ान के आखिर वाले दिन को चांद रात कहा जाता है इसके बाद ईद-उल-फितर का जश्न मनाया जाता है। दोस्त और परिवार उत्सव के भोजन के लिए इकट्ठा होते हैं और उपहारों का आदान-प्रदान करते हैं। गरीबों को विशेष उपहार भी दिये जाते हैं।

### झलक रही है ईद की खुशियां

रमजान के पाक मुकद्दस महीने में बूढ़े, जवान, महिलाओं से ले कर बच्चे ज्यादा रोजा रखने और अल्लाह की इबादत में सबसे आगे चल रहे हैं। क्यों की बच्चों को रमजान माह में अच्छे पकवानों सहित ईद की खुशियां भी झलक रही है।

# हल्द्वानी में आचार संहिता के उल्लंघन पर नोटिस जारी

हल्द्वानी

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल-ऊधम सिंह नगर लोकसभा सीट के हल्द्वानी विधानसभा क्षेत्र में आचार संहिता के उल्लंघन पर नोटिस जारी किया गया है।

सहायक रिटर्निंग आफिसर व सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई की ओर से आज सोमवार को प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल हल्द्वानी को नोटिस जारी कर कहा गया है कि आचार संहिता प्रभावी होने के बाद शासकीय कार्यालय, परिसर आदि से प्रचार सामग्री हटाने के निर्देश जारी किए गए थे लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने इसका पालन नहीं किया।

इस संबंध में फ्लाइंग स्क्वायड ने भी सूचित किया है। इस संबंध में चिकित्सा अधीक्षक से स्पष्टीकरण मांगा गया है।



### पोस्टर हटाने गयी निगम की टीम को मिली शराब

हल्द्वानी। नगर निगम की टीम ने रामपुर रोड में पोस्टर हटाने के दौरान एक फड़ से शराब बरामद की। इनमें अधधे पव्वे थे। सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट व सहायक अभियंता नवल नौटियाल ने टीम के साथ सुशीला तिवारी अस्पताल के पास अभियान चलाया। सूत्रों के अनुसार यहां शराब खुलेआम बिकती है। इसकी शिकायत पहले भी की गई थी।

# सर्किट हाउस को मिली मंजूरी 36 करोड़ से बनेगा तीन मंजिला भवन

यूएसनगर

**हमारे संवाददाता**

आचार संहिता के पूर्व रुद्रपुर में सर्किट हाउस की मंजूरी मिल गई है। इसके लिए 36 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

इस धनराशि से निर्माण इकाई पेयजल निर्माण निगम ने 15 मार्च को मंडी भवन के पीछे प्रस्तावित भूमि पर कार्य भी शुरू कर दिए। सर्किट हाउस में मुख्यमंत्री शूइट, वीआईपी शूइट और कांफ्रेंस हॉल आदि बनाए जाएंगे। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता प्रभावी होने के पहले जिले को बड़ी सौगात मिली है।

लंबे समय से चल रही मांग चुनाव की तारीख घोषित होने से ठीक पहले पूरी हुई। कलक्ट्रेट के बगल में स्थित मंडी भवन के पीछे इसके लिए जमीन चिह्नित किया गया है। चुनाव की आचार संहिता के पूर्व शासन ने इसको मंजूरी दी है। इसके लिए लगभग 10 फीसदी धनराशि भी जारी कर दी गई है। सर्किट हाउस का भवन तीन मंजिला बनेगा। इसमें मुख्यमंत्री शूइट, वीआईपी शूइट, आधुनिक कांफ्रेंस हाल, कर्मियों के आवास आदि बनाए जाएंगे।

दो साल में यह भवन बनकर तैयार होगा। इसके निर्माण का जिम्मा पेयजल निर्माण निगम को सौंपा गया। निर्माण इकाई से बीते 15 मार्च से ही आनन-फानन इसका निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया।

> *रुद्रपुर में नए सर्किट हाउस की मंजूरी मिल चुकी है। इसके निर्माण का जिम्मा पेयजल निर्माण निगम को सौंपा गया है। निर्माण इकाई की तरफ से आचार संहिता लगने से पहले कार्य शुरू कर दिया गया है।*
> *– मनीष कुमार, मुख्य विकास अधिकारी।*

# गौरव सेनानियों ने यूनिट के 63वें स्थापना दिवस पुनर्मिलन समारोह मनाया




हल्द्वानी

**हमारे संवाददाता**

जय भूमिया बैंक्वेट हॉल में 5 कुमाऊं के गौरव सेनानियों ने यूनिट के 63वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में पुनर्मिलन समारोह मनाया। समारोह में बड़ी संख्या में गौरव सेनानी और वीर नारियां उपस्थित थे।

कुमाऊं रेजिमेंट और नागा रेजीमेंट की अन्य यूनिटों के गौरव सेनानी भी उपस्थित थे। मेजर कुंवर सिंह माहरा मुख्य अतिथि थे। 5 कुमाऊं का इतिहास 1788 से आरंभ होता है जब इस यूनिट को सलाबत खान की इल्लीचपुर ब्रिगेड के रूप में स्थापित किया गया। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सेना कम करने के उद्देश्य से इस पलटन को तोड़ दिया गया। इसको पुन: 20 मार्च 1962 को कर्नल एच एस ढिल्लन द्वारा चौबटिया में स्थापित किया गया। वर्तमान में यह यूनिट देहरादून में तैनात है। यूनिट को उसके अच्छे कार्यों के लिए 2012 में दक्षिण पश्चिम कमान के आर्मी कमांडर द्वारा प्रशस्ति पत्र और 2016 में उत्तरी कमान के आर्मी कमांडर द्वारा पुन: प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। समारोह में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। गौरव सेनानियों ने ,हम छूं कुमाय्यां हमरो कुमाऊं.... गीत गया और चांचरी में खोल दे माता खोल भवानी....गीत गया। मुख्य अतिथि के भाषण और भोजन के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।

### परीक्षा फार्म नहीं भरने वालों का परीक्षाफल नहीं होगा घोषित

**अल्मोड़ा।** सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में समर्थ पोर्टल के माध्यम से परीक्षा फार्म नहीं भर सके विद्यार्थी 20 मार्च तक आवेदन कर सकेंगे।

विवि के परीक्षा नियंत्रक डॉ. मुकेश सामंत ने बताया कि छूटे विद्यार्थियों के लिए फिर से पोर्टल खोला गया है। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय तक परीक्षा फार्म नहीं भरने और परीक्षा शुल्क जमा नहीं करने वाले विद्यार्थी का परीक्षाफल जारी नहीं होगा।

# योग गुरु सरोज खन्ना ने मेडिटेशन और योग की जानकारी दी

हल्द्वानी

**हमारे संवाददाता**

खन्ना योग स्टूडियो के द्वारा मेडिटेशन का प्रोग्राम चैतन्य गार्डन चित्राशिला घाट रानी बाग में सुबह 7 से 8 कराया गया। जिसमें योग गुरु सरोज खन्ना के द्वारा सभी को मेडिटेशन कराया गया और मेडिटेशन और योग के बारे में जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में भारत योग समिति के अध्यक्ष नवीन पांडे ने भी विभिन्न तरह के आसान कराकर पूरा सहयोग दिया।इस मौके पर कहा कि करे योग रहे निरोग।



नियमित योग के द्वारा हम स्वस्थ जीवन जी सकते हैं और कई रोगों से मुक्ति मिलती है। इसलिए हम सभी को अपने दैनिक जीवन में योग को अवश्य शामिल करना चाहिए।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए चैतन्य गार्डन के मालिक योगेश शर्मा ने भी अपना पूरा सहयोग दिया। कार्यक्रम में डॉ कुशवाह,डॉ प्रकाश पंत ,डॉ सोमा पंत, रितेश अग्रवाल, क्षमा तिवारी, नीतू अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# सोलर प्लांट के लिए बगैर अनुमति के काट दिए 25 से अधिक हरे पेड़

अल्मोड़ा

**हमारे संवाददाता**

सल्ट विकासखंड में निवेश के नाम पर लगने वाले सोलर प्लांट के लिए बगैर अनुमति के हरे पेड़ों को काटने और निजी भूमि पर कब्जा करने का मामला सामने आया है। सोलर प्लांट स्थापित करने के लिए 25 से अधिक हरे पेड़ों को बगैर अनुमति के काट दिया।

सल्ट विकासखंड में निवेश के नाम पर लगने वाले सोलर प्लांट के लिए बगैर अनुमति के हरे पेड़ों को काटने और निजी भूमि पर कब्जा करने का मामला सामने आया है। सोलर प्लांट स्थापित करने के लिए 25 से अधिक हरे पेड़ों को बगैर अनुमति के काट दिया लेकिन वन विभाग को इसकी भनक नहीं लगी। मामला खुलने के बाद अब



वन विभाग जांच और कार्रवाई की बात कर अपनी जिम्मेदारी पर पर्दा डालने की कोशिश में जुट गया है। सल्ट के कुणीधार, मानिला में एक कंपनी की तरफ से सोलर प्लांट स्थापित किया जा रहा है। आरोप है कि प्लांट स्थापित करने के लिए बगैर अनुमति के चीड़ के 25 से अधिक पेड़ों पर आरी चला दी गई। पूर्व में भी यहां पेड़ काटने की जानकारी मिलने पर स्थानीय लोगों ने वन विभाग और प्रशासन को मामले की सूचना दी लेकिन जिम्मेदार अनजान बने रहे। नतीजन कुछ दिन पूर्व फिर से हरे पेड़ काटकर गिरा दिए गए। आरोप है कि यहां बेखौफ हरे पेड़ों को काटने का सिलसिला जारी है। पेड़ काटने से भड़के लोगों ने जब जिम्मेदार अधिकारियों को दोबारा मामले की सूचना दी तो वे हरकत में आए।

> *सल्ट विकासखंड में सोलर प्लांट के लिए पेड़ काटने का मामला संज्ञान में आया है। टीम मौके पर भेजी गई है। रिपोर्ट मिलने के बाद आवश्यक कार्रवाई होगी।*
> *-गोपाल दत्त जोशी, रेंजर, मानिला।*